## 2) Language & communication Skills-2019-2024

**हिंदी भाषा और संचार कौशल (Language & communication Skills):**

1. स्पष्टता और प्रभावशीलता: विद्यार्थी सीखते हैं कि कैसे स्पष्ट और प्रभावी ढंग से अपने विचारों को व्यक्त करें।
2. व्याकरण और वर्तनी की समझ: विद्यार्थी हिंदी व्याकरण और वर्तनी की मूल बातें सीखते हैं।
3. शब्दावली और अर्थ की समझ: विद्यार्थी नए शब्दों का अर्थ और उपयोग सीखते हैं।
4. वाक्य रचना और शैली की समझ: विद्यार्थी वाक्य रचना और शैली की मूल बातें सीखते हैं।
5. सक्रिय सुनना और प्रतिक्रिया: विद्यार्थी ध्यान से सुनें और प्रतिक्रिया देने की कला सिखते हैं।
6. नॉन-वर्बलसंचार की समझ: विद्यार्थी नॉन-वर्बल संचार की मूल बातें सीखते हैं।
7. आत्मविश्वास और प्रभावशीलता: विद्यार्थी अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में आत्मविश्वास महसूस करते हैं।
8. संवाद कौशल: विद्यार्थी सीखते हैं कि कैसे प्रभावी ढंग से संवाद करें।
9. समूह कार्य औरसहयोग: विद्यार्थीयों में समूह कार्य करने और सहयोग करने की कला का विकास होता हैं ।
10. प्रस्तुति कौशल: विद्यार्थी भाषण, लेखन, वाचन काव्य लेखन, कथालेखन, आदि प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हैं।

ISMAIL YUSUF COLLEGE MUMBAI

PRINCIPAL
Government of Maharashtra's
Ismail Yusuf College of
Arts, Science & Commerce,
Jogeshwari (East), Mumbai - 400 060

MAJoshi
Dr.(Smt.) Madhuri Anil Joshi
Head Of Dept. (Hindi)
Government of Maharashtra
Ismail Yusuf College, Jogeshwari, Mumbai-60.

**हिंदी भाषा और संचार कौशल outcome**

हिंदी भाषा में प्रभावी ढंग से संवाद करने, समझने और व्यक्त करने की क्षमता:

1. लेखन कौशल: हिंदी में स्पष्ट और प्रभावी ढंग से लिखने की क्षमता।
2. बोलने की क्षमता: हिंदी में स्पष्ट और प्रभावी ढंग से बोलने की क्षमता।
3. पढ़ने की क्षमता: हिंदी में समझने और व्याख्या करने की क्षमता।
4. सुनने की क्षमता: हिंदी में ध्यान से सुनने और समझने की क्षमता।
5. संचार कौशल: हिंदी में प्रभावी ढंग से संवाद करने, समझने और व्यक्त करने की क्षमता।

- स्पष्टता और प्रभावशीलता
- व्याकरण और वर्तनी की समझ
- शब्दावली और अर्थ की समझ
- वाक्य रचना और शैली की समझ
- सक्रिय सुनना और प्रतिक्रिया
- नॉन-वर्बल संचार की समझ

हिंदी भाषा और संचार कौशल का महत्व है क्योंकि यह हमें प्रभावी ढंग से संवाद करने, अपने विचारों को व्यक्त करने और दूसरों को समझने में मदद करता है।

ISMAIL YUSUF COLLEGE MUMBAI

PRINCIPAL
Government of Maharashtra's
Ismail Yusuf College of
Arts, Science & Commerce.
Jogeshwari (East), Mumbai - 400 060

MAJoshi
Dr.(Smt.) Madhuri Anil Joshi
Head Of Dept. (Hindi)
Government of Maharashtra
Ismail Yusuf College, Jogeshwari, Mumbai-60.

**दिनांक: १६-०१-२०**


**गतिविधि का  नाम-अंतर्महाविद्यालयीन स्वरचित कविता प्रतियोगिता**

**१) वि.नाम शबनूर मों. दुलारे शेख (तृतीय वर्ष विज्ञान)**

**२) वि.नाम चेतना दुबे (प्रथम वर्ष कला )**

**कार्यक्रम का स्थान -बी.एम.रूईया महिला महाविद्यालय,प्रकृति -participation**

**Notice:**



दिनांक 10/1/2020

''अन्तर्महाविद्यालय भजन प्रतियोगिता''  (16-01-2020)

1) नाम ________ कक्षा ________ फोन नं ________

2) नाम ________ कक्षा ________ फोन नं ________

''अन्तर्महाविद्यालय स्वरचित कविता-पाठ प्रतियोगिता''  (17-01-2020)

1) नाम शबनुर मोहम्मद दुलारेशेख  कक्षा TYBSC  फोन नं. 767800899


2) नाम चेतना बजरंगबली दुबे.  कक्षा FYBA  फोन नं. 998760840

भवदीय,


PRINCIPAL
Government of Maharashtra's
Ismail Yusuf College of
Arts, Science & Commerce.
Jogeshwari (East), Mumbai - 400 060


# PALMS MAGAZINE
## 2019-2020











Government of Maharashtra
**Ismail Yusuf College**
of Arts, Science and Commerce
Jogeshwari (East), Mumbai -60.

## Report:



**हिंदी साहित्य मंडल और हिंदी विभाग**
**२०१९-२०**

शैक्षिक वर्ष २०१९-२० में हिंदी साहित्य मंडल के कार्यक्रमों का आरंभ हर वर्ष की तरह ३१ जुलाई 'प्रेमचंद जंयती ' के अवसर पर किया गया। विद्यार्थी व्याख्यान, भाषण की तुलना में फिल्मे देखना अधिक पसंद करते है । प्रेमचंद की कथाओं पर बनी गुलजार द्वारा निर्देशित दो फिल्में १. बुढी काकी २. ईदगाह दिखाई गई । इन कहानियों के आधार पर मुंशी प्रेमचंद की महानता पर विद्यार्थियों ने अपने मत प्रकट किए । विद्यार्थी पाठयक्रम में रखी गई कथाओं को इसी तरह देख सकते है । प्रेमचंद की कहानी **परीक्षा** और चंद्रधर शर्मा गुलेरी जी की प्रसिद्ध कहानी **उसने कहा था** प्रथम वर्ष के पाठयक्रम में हैं और युट्युब पर उपलब्ध भी हैं ।

इस वर्ष हिंदी साहित्य मंडल ने विभिन्न महाविद्यालयों मे आयोजित भाषण, वक्तृत्व, स्वरचित कविता और निबंध प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को तैयार किया । १. जे ई एस महाविद्यालय जोगेश्वरी में आयोजित ' आगमन २०१९ ' की निबंधलेखन प्रतियोगिता में १) सुधांशु मिश्रा २) अनामिका यादव द्वितीय वर्ष कला के छात्र सहभागी हुए ।

भवन्स महाविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्महाविदयालयीन निबंध लेखन प्रतियोगिता में ' विविध क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान ' विषय पर यादव अनामिका को १०००/- राशि का ' प्रथम पुरस्कार ' प्राप्त हुआ । भवन्स महाविद्यालय द्वारा आयोजित वक्तृत्व प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की छात्रा चेतना दुबे को प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ।

शंकर नारायण महाविद्यालय, भाईंदर (पूर्व) द्वारा आयोजित अन्तर्महाविदयालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष कला के छात्र सुधांशु मिश्रा और सिमरन कौर ने अपनी सहभागिता दर्ज की। वाद-विवाद के लिए ' मोबाईल नई शारीरिक और मानसिक बीमारियों का कारण है । ' विषय रखा गया था ।

दिनांक १७/०१/२०२० को बी. एम. रूईया गर्ल्स महाविद्यालय में अन्तर्महाविदयालयीन स्वरचित कविता प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष विज्ञान की छात्रा शबनूर मोहम्मद दुलारे शेख और प्रथम वर्ष कला की छात्रा चेतना दुबे सहभागी हुए। महाराष्ट्र कॉलेज द्वारा आयोजित वाक्-स्पर्धा में द्वितीय वर्ष कला के छात्र नक्ष सिंह प्रतिभागी रहे ।

दिनांक २५ जनवरी २०२० को अंग्रेजी और हिंदी विभाग ने मिलकर विद्यार्थियों को अमृता प्रीतम के उपन्यास पर बनी फिल्म ' पिंजर ' दिखाई । विद्यार्थियों को फिल्म की आलोचना कैसे की जाए? यह उदाहरण देकर बताया गया ।





प्रा. रेशमी जैसवार और प्रा. भारती गुप्ता ने कनिष्ठ महाविदयालय के ग्यारहवीं के कला, विज्ञान और वाणिज्य शाखा के निम्नलिखित विद्यार्थियों से रोहित सैनी, निखिलकुमार प्रजापति, सुनंदा पटेल, विकास चौहान, नेहा यादव ने हिंदी विषय से संबंधित व्याकरण, अंलकार, काल, रस, मुहावरें आदि पर चार्ट बनवाए । जिसके कारण भाषालेखन में होनेवाली व्याकरण संबंधित त्रुटियाँ कम हुई। विदयार्थियों द्वारा बनाए गए चार्ट सूचनाफलक पर लगाए गए ।

इस प्रकार शैक्षिक वर्ष २०१९-२० मे विद्यार्थियों ने दृश्य माध्यम की शक्ति को पहचाना और अन्तर्महाविदयालयीन प्रतियोगिता में सहभागी होकर अनेक नए अनुभव प्राप्त किए।

डॉ. माधुरी जोशी
विभाग प्रमुख हिंदी

ISMAIL YUSUF COLLEGE MUMBAI

PRINCIPAL
Government of Maharashtra's
Ismail Yusuf College of
Arts, Science & Commerce.
Jogeshwari (East), Mumbai - 400 060

MAJoshi
Dr.(Smt.) Madhuri Anil Joshi
Head Of Dept. (Hindi)
Government of Maharashtra
Ismail Yusuf College, Jogeshwari, Mumbai-60.